वार्षिक रिपोर्ट
2014-15

Forum of Regulators

FOR

विनियामक फोरम

विनियामक फोरम

वार्षिक रिपोर्ट
2014-15

प्रकाशक :

विनियामक फोरम (एफओआर)

सचिवालय : मार्फत केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ)

तृतीय एवं चतुर्थ तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपथ, नई दिल्ली–110001

टेलिफोन : 91–11–23753920 फैक्स : 91–11–23752958

डिजाइन और मुद्रण

creativEdge

art of eloquence

अरावली हाउस

431/डी-22, छत्तरपुर पहाड़ी

नई दिल्ली - 110074

ईमेल : ce@aravalifoundation.in

वेबसाइट : www.creativedge.in

प्रस्तावना

वर्ष 2014–15 के दौरान विनियामक फोरम (एफओआर) ने विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श करने और विवेचनीय विषयों पर सहमति तैयार करते हुए अपने उद्देश्यों को पूरा करना जारी रखा। फोरम ने विद्युत क्षेत्र में सुधारों तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए पर्याप्त उपाए किए।

फोरम ने पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार ग्रामीण गैर–कृषि उपभोक्ताओं को उन्नत विद्युत आपूर्ति से समृद्ध किया जा सकता है। यह भी विचार विमर्श किया गया कि उन्नत भार प्रबंध तकनीक ग्रामीण क्षेत्रों के कृषि तथा गैर–कृषि ग्राहकों को प्रभावी रूप से विनियमित आपूर्ति करने के लिए अपनाने की आवश्यकता है। यह भी अनुभव किया गया कि कृषि क्षेत्र उपभोक्ताओं की बेहतर मॉनिटरिंग के माध्यम से हानियों में कमी से दीर्घकाल में क्षेत्र को सरल बनाया जा सकेगा। तदनुसार एक उपसमूह ''ग्रामीण तथा कृषि उपभोक्ताओं के फीडर पृथक्करण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार करने का फ्रेमवर्क और प्रभावी मीटरिंग पर उपायों का सुझाव देना'' पर अध्ययन के लिए गठित किया गया। अध्ययन में सिफारिश की गई कि कार्यान्वयन मानदण्ड राज्य तथा फीडर स्तर दोनों पर विकसित किए जाएं। आर्थिक तथा तकनीकी वातावरण के आधार पर तथा क्षमता निर्माण को ध्यान में रखते हुए उच्च कृषि भार वाले राज्य पहले दृश्टांत में पृथक्करण कर सकते हैं। रिपोर्ट में नोट किया गया कि प्रत्येक डिस्कॉम को अपने विनिर्दिष्ट आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के विशेषण के आधार पर पारंपरिक फीडर पृथक्करण कार्यक्रम तैयार करना है। सभी विकल्प जिससे विशेष राज्य के लिए भार पृथक्करण पर लाभ होना है उनका मूल्यांकन किया जाना चाहिए। विभिन्न राज्यों के विभिन्न उद्देश्य की अपेक्षाओं पर विचार करते हुए उत्तम विकल्प प्रत्येक राज्य के लिए अपनाया जाना चाहिए।

सभी के लिए विद्युत उपलब्ध करवाने के लिए नीति निर्णय के संदर्भ में फोरम ने वर्ष 2018–19 तक और घरेलू, उद्योग को विश्वसनीय 24x7 विद्युत आपूर्ति प्रदान करने की तात्कालिक विषयों पर और विभिन्न राज्यों में कृषि जलवायु घटकों पर निर्भर करते हुए दिन में 8 से 10 घण्टों की सिंचाई पंप की विद्युत आपूर्ति और 5 वर्षों में अर्थात 2018–19 तक सभी गैर संबद्ध हाउसहोल्ड को पहुंच शामिल है। रिर्पोट में योजना के विभिन्न उपायों की सिफारिश की गई और पारेषण प्रणाली की वृद्धि पर निर्णय किया गया। जहां तक वितरण का संबंध है विनियामक फोरम ने 80 मिलियन से अधिक की संख्या के गैर विद्युत के हाउसहोल्ड को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा एटीएण्डसी हानियों की कमी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्याप्त रूप से वितरण नेटवर्क को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी ग्राहकों को 24x7 विश्वसीनय सुरक्षित और गुणवत्तापूवर्ण विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से कुल निवेश रु. 15,70,397 करोड़ का अनुमान है। यह भी देखा गया कि टैरिफ प्रभाव की लेखांकन के बाद 25 पैसे से 45 पैसे की सीमा तक शून्य या मार्जिनल है कि मौजूदा स्तर से 2018–19 तक लगभग 9.5% की हानि कमी में टैरिफ की लगभग 50 पैसे की कमी होगी।

फोरम द्वारा की गई पृष्ठभूमि में प्राथमिक रूप से उतरदायित्व अब सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए एस ई आर ई/जे ई आर सी का है। फोरम इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के विचार विमर्श करने में लगा रहा है ताकि उन विवेचनीय मुददों पर कार्यान्वयन योग्य समाधानों का पता लगाया जा सके जिससे विद्युत क्षेत्र में चहुमुखी विकास में बाधा पहुंच रही है। हम फोरम के आदेशको पूरा करने में सभी स्टेकहोल्डरों से सतत सहायता की अपेक्षा करते हैं।

अध्यक्ष, एफओआर

विषय वस्तु

1.	विनियामक फोरम	8
2.	फोरम की गतिविधियां	9
2.1	फोरम की बैठकें	9
2.1.1	चंडीगढ़ में 2 अप्रैल, 2014 को आयोजित 40वी विनियामक फोरम की बैठक:	9
2.1.2	नई दिल्ली में 27 जून, 2014 को आयोजित 41वी विनियामक फोरम की बैठक:	9
2.1.3	नई दिल्ली में 27 अगस्त, 2014 को आयोजित 42वी विनियामक फोरम की बैठक:	9
2.1.4	मसूरी में 16 से 18 अक्तूबर, 2014 को आयोजित 43वी विनियामक फोरम की बैठक:	9
2.1.5	नई दिल्ली में 01 दिसंबर, 2014 को आयोजित 44वी विनियामक फोरम की बैठक:	10
2.1.6	बैंगलोर में 29 से 31 जनवरी, 2015 को आयोजित 45वी विनियामक फोरम की बैठक:	10
2.1.7	नई दिल्ली में 17 फरवरी, 2015 को आयोजित 46वी विनियामक फोरम की बैठक:	10
2.2	किए गए अध्ययन	10
2.2.1	ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्तओं के फीडर पृथककरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार करने का फ्रेमवर्क और प्रभावी मीटरिंग पर उपायों का सुझाव देना	10
2.2.2	24x7 विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए	11
2.3	क्षमता निर्माण कार्यक्रम	12
3.	2014–15 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां	13
4.	वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए एफओआर की वार्षिकी विवरणी	22
अनुबंध.I:	31.03.2015 को एफओरआर के सदस्य	37
अनुबंध.II:	राष्ट्रीय विद्युत नीति से संबंधित विषयों पर स्थिति रिपोर्ट	39
अनुबंध.III:	टैरिफ नीति से संबंधित विषयों पर स्थिति रिपोर्ट	79

विनियामक फोरम

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना वर्ष 1990 के दशक के आरंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने 'सार्वजनिक और निजी प्रयोज्यताओं की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यवसायिक टैरिफ बोर्डो का गठन 'करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि 'टैरिफ बोर्डो सेप्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।'

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयो. जित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में अन्य बातों के साथ साथ विद्युत के लिए सामान्य न्यूनत्तम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए यह सहम. ति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इन्हें निश्चित सीमा के अंदर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया। इस प्रकार केन्द्र तथा राज्यों में विनियामक आयोगों को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में विद्युत टैरिफ को तर्कसंगत बनाने, टैरिफ सब्सिडी इत्यादि से संबंधित पारदर्शिता नीतियों के सुव्यवस्थिती करण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। अब विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम 1998 को विद्युत अधिनियम 2003 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। विद्युत अधिनियम, 2003 की शुरु आत से विनियामक आयोग के कार्य कलाप विद्युत बाजार के क्षेत्र के विकास की भूमिका के साथ साथ इसे सरकार को परामर्श कार्य भी निर्दिष्ट किए गए हैं। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग तथा अधिकांशं राज्य विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम 1998 के अंतर्गत गठित किए गए थे। तथापि, मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग, जेईआरसी (मणिपुर एवं मिजोरम) तथा जेईआ. रसी (गोवा एवं संघशासित प्रदेश) जैसे कुछ एसईआरसी/जेईआरसी विद्युत अधिनियम 2003 के अधिनियम के बाद गठित किए गए थे।

इस फोरम को विद्युत अधिनिमय 2003 की धारा 166 (2) के अंतर्गत उपबंध के अनुसरण में 16 फरवरी 2005 की विद्युत मंत्रालय की अधि ासूचना के माध्यम से गठित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य सीईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा तैयार किए गए विद्युत क्षेत्र में विनियमनों में एक रूपता प्राथमिक उद्देश्य था। इस फोरम में सीईआरसी का अध्यक्ष और एसईआरसी और जेईआरसी के अध्यक्ष शामिल है। सीईआरसी का अध्यक्ष फोरम का अध्यक्ष है। केन्द्रीय सर. कार ने विनियामक फोरम के लिए निम्नलिखित नियम बनाए है :–

फोरम का गठन

फोरम में केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य आयोगों के अध्यक्ष शामिल होंगे। केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष विनियामक फोरम के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय आयोग के सचिव फोरम के पदेन सचिव होंगे। फोरम की सचिवीय सहायता केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा।

फोरम के कार्य

फोरम निम्न लिखित कार्यों का निर्वहन करेगा अर्थात :–

- केन्द्रीय आयोग तथा राज्य आयोगों के टैरिफ आदेशों तथा अन्य आदेशों का विश्लेषण एवं उक्त आदेशों से उत्पन्न आकंडों का संकलन करना विशेष रूप से प्रयोज्यताओं की कार्यकुशलता को रेखांकित करना;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन में एक रूपता;
- अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अनुज्ञप्ति धारियों के कार्यनिष्पादन के मानकों को निर्धारित करना;
- सामान्य हित के और सामान्य दृष्टि कोण के विभिन्न मुददों के संबंध में फोरम के सदस्यों को सूचना शेयर करना;
- ऊर्जा क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुददों पर आउट सोर्सिंग के माध्यम से याइन हाउस अनुसंधान कार्य से पूरा करना;
- उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और ऊर्जा क्षेत्र में कार्य कुशलता, मितव्ययिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना;
- इस प्रकार के अन्य कार्य जिसे केन्द्रीय सरकार समय समय से निर्दिष्ट कर सकती है।

मिशन विवरण

विनियामक फोरम की अवधारणा स्वतंत्र विनियमों के विकास को पूरा करने तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में स्टेक रखने वालों को शक्ति प्रदान करने के मिशन से आरंभ किया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फोरम का लक्ष्य निम्नानुसार है:–

- विद्युत क्षेत्र में विनियमों की एक रूपता।
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन
- भारत में विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना।
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों के कार्या न्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहल करना।

फोरम की गतिविधियां

वर्ष के दौरान फोरम ने सात बैठक आयोजित की और कई विवेचनीय मुददों पर मतैक्य हुआ। फोरम ने ग्रामीण और कृषि उपभोक्तओं के फीडर के पृथककरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार करने के लिए ''क्रॉस सब्सिडी में कमी के लिए रोडमैप'' ''24X7 विद्युत आपूर्ति प्रदान करने पर अध्ययन'' आयोजित किए और प्रभावी मीटरिंग के लिए उपायों का सुझाव दिया।

2.1 विनियामक फोरम की बैठकें

2.1.1 चंडीगढ़ में 2 अप्रैल, 2014 को आयोजित 40वी विनियामक फोरम की बैठक:

फोरम को डीएसएम और उर्जा कुशलता के बारे में जागरूकता के लिए किए जा रहे विभिन्न पहल के बारे में अवगत कराया गया। फोरम को पीएटी योजना के बारे में भी अधिसूचित किया गया और उर्जा कुशलता प्रमाणपत्रों की योजना की जानकारी दी गई। विचार–विमर्श के बाद कई विभिन्न अभिमत/सुझाव दिए गए। .

फोरम ने विस्तार से नवीकरणीय क्रय बाध्यता से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया और दिल्ली तथा पंजाब के एसईआरसी द्वारा आरपीओ अनुपालन के लिए एआरआर में उपबंध के अनुसार उत्तम पद्धतियों को नोट किया। फोरम को यह भी सूचित किया गया कि यूईआरसी ने आरपीओ के गैरअनुपालन के लिए वितरण कंपनी के प्रबंध निदशक पर दण्ड लगाया। विचार–विमर्श के बाद मतैक्य हुआ।

थर्मल उत्पादन संयंत्रों की ईंधन लेखा परीक्षा पर विचार–विमर्श के बाद फोरम ने निर्णय किया कि वर्ष 2014–19 के लिए टैरिफ की निबंध व शर्तों पर केविविआ विनियमों में यथाप्रदत्त सिद्धांतों को अपनाना वांछनीय होगा।

2.1.2 नई दिल्ली में 27 जून, 2014 को आयोजित 41वी विनियामक फोरम की बैठक:

फोरम ने नवीकरणीय उर्जा स्रोतों के ग्रिड समेकन से संबंधित विषयों पर विचार–विमर्श किया। निम्नलिखित विषयों को रेखांकित किया गया:

- भारतीय विद्युत प्रणाली का पुनरावलोकन
- नवीकरणीय उर्जा समेकन के लिए विनियामक पहल
- पारेषण–विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धा की कुंजी
- प्रणाली प्रचालन

फोरम ने नवीकरणीय क्रय बाध्यता से संबंधित एफओरआर हस्तक्षेप/विचार से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया। फोरम ने देश में विभिन्न नवीकरणीय उर्जा कार्यक्रमों के विकास की उपलब्धियों को नोट किया।

2.1.3 नई दिल्ली में 27 अगस्त, 2014 को आयोजित 42वी विनियामक फोरम की बैठक:

फोरम के सदस्यों को ''नवीकरणीय उर्जा प्रमाणपत्र तंत्र' की समीक्षा'' पर फोरम द्वारा आरंभ अध्ययन पर ड्राफ्ट रिपोर्ट को सूचित किया गया। फोरम ने सिफारिश की कि आवश्यक संशोधन आरओपी पर एसईआरसी विनियमों और आरपीसी विनियमों पर केविविआ विनियमों में किए जाए।

2.1.4 मसूरी में 16 से 18 अक्तूबर, 2014 को आयोजित 43वी विनियामक फोरम की बैठक:

माननीय विद्युत मंत्रालय द्वारा किए गए अनुरोध के बाद फोरम ने विद्युत आपूर्ति चुनौतियों से संबंधित विषयों की जांच के लिए फोरम के सदस्यों ने कार्यदल का गठन का निर्णय किया और सुझाव दिए। कार्यदल ने यह निर्णय किया कि उक्त विस्तृत अध्ययन को पूरा करने के उद्देश्य से कार्य समूह से सदस्य के दो उपसमूह गठित किए जाएं। फोरम ने उपभोक्ताओं को ''24X7 विद्युत आपूर्ति और उसके प्रभाव'' और ''ग्रामीण एवं कृषि भार के फीडर पृथककरण'' से संबंधित विषयों पर विचार–विमर्श किया और कुछ सुझाव/अभिमत दिए।

फोरम ने ग्रिड प्रेषण मॉडल का प्रयोग करने वाले भारत में नवीकरणीय उर्जा के ग्रिड समेकन में शामिल महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया। इस विचार–विमर्श में आरपीओ लक्ष्यों की तुलना में विस्तृत लागत भार विश्लेषण, टैरिफ तथा समेकन लागत में फीड की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया गया ताकि कम से कम लागत समेकन रणनीति का पता लगाया जा सके और इसे कंपनी द्वारा अपनाया जा सके। अनुपूरक कार्यक्रमों की भूमिका अर्थात् राज्यों में संसाधनों की शेयरिंग तथा विचलन व्यवस्थापन बाजारों के अलावा मांग प्रतिक्रिया पर भी विचार–विमर्श किया गया।

इसके अलावा, वितरण में तकनीकी तथा वाणिज्यिक हानियों की कमी तथा उत्तम पद्धतियों के उपायों पर विचार–विमर्श किया गया।

2.1.5 नई दिल्ली में 01 दिसंबर, 2014 को आयोजित 44वी विनियामक फोरम की बैठक:

''उपभोक्ताओं को 24X7 विद्युत आपूर्ति और प्रभाव'' और ''ग्रामीण एवं कृषि भार के फीडर पृथककरण''उप–समूहों नेफोरम द्वारा की गई सिफारिशों को शामिल करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। फोरम ने इस सुझाव के साथ रिपोर्टे पृष्ठांकित की कि उक्त अभिमत उपयुक्त रूप से शामिल किए जाए और रिपोर्ट को अध्यक्ष, विनियामक फोरम द्वारा अंतिम रूप दिया जाए और विद्युत मंत्रालय को भेजा जाए।

फोरम ने ''पब्लिक/प्रणाली लाभ प्रभार के माध्यम से पूंजीकृत राज्य उर्जा संरक्षण निधि एवं डीएसएम कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए आउटसोर्स मॉडल'' में शामिल महत्वपूर्ण मुददों पर विचार–विमर्श किया।

इसके अलावा, ''विनियमित टैरिफ बनाम प्रतिस्पर्धात्मक टैरिफ'' तथा ''पंजाब में हानि कमी पहल'' में शामिल महत्वूपर्ण मुददों पर विचार विमर्श किया गया।

2.1.6 बैंगलोर में 29 से 31 जनवरी, 2015 को आयोजित 45वी विनियामक फोरम की बैठक:

फोरम ने प्रत्येक हाउसहोल्ड को एलईडी बल्ब प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों द्वारा प्रयुक्त विभिन्न मॉडलों के संबंध में ''पब्लिक लाभ प्रभार के माध्यम से ईसीएफ एवं डीएसएम आउटसोर्सिंग मॉडल'' से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया। फोरम ने ''ऑफ ग्रिड विद्युतीकरण के लिए विनियामक दृष्टिकोण और कारोबार मॉडल'' पर भी विचार विमर्श किया जिसमें भारत में ऑफ विद्युत ग्रिड का मौजूदा परिदृश्य रेखांकित किया गया। ब्रिज अंतर समाधान के रूप में मिनी ग्रिड को लागू करने पर बल दिया गया चूंकि यह उन क्षेत्रों में विश्वसनीय और लागत प्रभावी विद्युत प्रदान करने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में लाभदायक हैं जहां ग्रिड विस्तार लागत प्रभावी नहीं है। तथापि सब्सिडी की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

विद्युत मंत्रालय ने अपने 06 फरवरी, 2015 के पत्र में ''01 दिसंबर, 2014 को विनियामक फोरम को एपीपी द्वारा की गई प्रस्तुति– विनियमित टैरिफ बनाम प्रतिस्पर्धात्मक टैरिफ' विषय पर विचारों की मांग की। इस मामले को विचार विमर्श के लिए उठाया गया और मतैक्य विकसित किया गया।

फोरम ने विनियामक फोरम सचिवालय द्वारा तैयार किए गए ''विद्युत अधिनियम, 2003 में संशोधन'' पर विचार विमर्श किया। प्रस्तावित कुछ संशोधनों पर फोरम के पूर्ववर्ती निर्णयों को रेखांकित किया गया। विचार विमर्श के बाद फोरम ने अनुभव किया कि ऐसे कुछ पहलू हैं जिन्हें विगत में विनियामक फोरम द्वारा जांच नहीं की गई। कार्य समूह को गठित करने का निर्णय किया गया जिससे विस्तार में प्रस्तावित संषोधनों तक पहुंचा जा सके और अंतिम निर्णय के लिए फोरम को रिर्पोट प्रस्तुत की जा सके।

2.1.7 नई दिल्ली में 17 फरवरी, 2015 को आयोजित 46वी विनियामक फोरम की बैठक:

बैंगलोर में 45वीं बैठक के बाद एक कार्यदल विस्तार में विद्युत अधिनियम, 2003 में प्रस्तावित संशोधन की जांच के लिए गठित किया गया। कार्यदल ने अपनी रिपोर्ट खण्डवार टिप्पणियों/अभिमतों के साथ विद्युत अधिनियम, 2003 में प्रस्तावित संशोधनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। फोरम ने कार्य समूह की रिपोर्ट पर विचार किया और इसे सिफारिशों को पृष्ठांकित किया।

2.2 किए गए अध्ययन

2.2.1 ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्तओं के फीडर पृथककरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार करने का फ्रेमवर्क और प्रभावी मीटरिंग पर उपायों का सुझाव देना पदह

वित्तीय वर्ष 2013.14 के दौरान फोरम के उक्त समूह में **''ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं के फीडर पृथक्करण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार करने का फ्रेमवक''**पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम को करते हुए भारत में ग्रामीण विद्युत वितरण प्रणालियों के लिए विचार किया गया मुख्य लक्ष्यों में निम्नलिखित शामिल है:

क) ग्रामीण गैर कृषि ग्राहकों के लिए उन्नत (इसका उद्देश्य ग्रामीण ग्राहकों का 24X7 तीन चरण आपूर्ति उपलब्ध करवाना था) उनके जीवन और ग्रामीण उद्योग के प्रेरणा की गुणवत्ता में तदन्तर सुधार हुआ।

ख) कृषि ग्राहकों को आपूर्ति विनियमित करने के लिए बेहतर क्षमता के माध्यम से उन्नत भार प्रबंधन। तदन्तर पारदर्शिता तथा कृषि सब्सिडी और इस प्रकार कंपनियों की वित्तीय स्थिति को स्थिर करना।

ग) कृषि क्षेत्र में उपभोग की बेहतर मॉनिटरिंग के माध्यम से हानियों में कमी।

घ) हजबैंडिंग ग्राउण्ड जलस्रोतों के माध्यम से पर्यावरणीय संसाधनों का उन्नत प्रबंधन।

- गुजरात, पंजाब आंध्रप्रदेश राज्यों में फीडर पृथककरण का विश्लेषण किया गया।
- रिपोर्ट में फीडर पृथककरण कार्यक्रम के निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों का सुझाव दिया गया:

– ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए विश्वसनीय और गुणवत्ता विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाना और पूरे भारत में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना।

– मिश्रित फीडरों के वर्गीकरण के कारण जो कृषि उपभोक्ताओं तथा गैर कृषि उपभोक्ताओं दोनों को विद्युत आपूर्ति करते हैं, वहां कृषि लोड का इस प्रकार से प्रबंध किया जाना ताकि अधिकतम सुनिश्चित किया जा सके और भू–जल, संसाधनों का संरक्षण किया जा सके।

- रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि कार्यान्वयन मानदण्ड राज्य तथा फीडर स्तर दोनों पर विकसित किया जाए। आर्थिक तथा तकनीकी पर्यावरण के आधार पर तथा क्षमता को ध्यान में रखते हुए उच्च कृषि लोड पहले दृश्टांत में पृथककरण कर सकता है। रिपोर्ट में फीडर पृथककरण के कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित उपयों की सिफारिश की गई है:

– उद्देश्यों को परिभाषित करना
– दृश्टिकोण का चयन
– भूगोल का चयन
– कार्यान्वयन

- रिपोर्ट में नोट किया गया है कि प्रत्येक डिस्कॉम को अपनी विनिर्दिष्ट आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के विश्लेषण के आधार पर पारंपरिक फीडर पृथककरण कार्यक्रम तैयार करना है। सभी विकल्प है जिसे विशेष राज्य के लिए ओवर लोड पृथककरण का लाभ दिया जाना है उनका मूल्यांकन किया जाना चाहिए। विभिन्न राज्यों की विभिन्न उद्देश्य, आवश्यकताओं पर विचार करते हुए उत्तम विकल्प प्रत्येक राज्य के लिए अपनाया जाना चाहिए।

2.2.2 24x7विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए रणनीति

वित्तीय वर्ष 2013.14, के दौरान फोरम के उपसमूह ने ''24x7 विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए रणनीति'' अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। फोरम ने नीचे दिए अनुसार उद्देश्यों को परिभाषित किया:

– वर्ष 2018.19 तक देसी औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्तओं को विश्वसनीय 24x7 विद्युत आपूतिय
– विभिन्न राज्यों में एग्रो जलवायु घटकों पर निर्भर करते हुए दिन में 8 से 10 घण्टों के लिए सिंचाई पंप के लिए विद्युत आपूर्तिय और
– पांच वर्षों अर्थात् 2018–19 तक सभी असंबद्ध हाउसहोल्ड को पहुंच;

- रिपोर्ट में चुनौतियों तथा नवीन पहल के लिए विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए राज्यों के अनुभव को वर्णित किया गया है। इस अध्ययन में विचार किए राज्य गुजरात, पंजाब, पश्चिम बंगाल ओर केरल है।
- मांग आपूर्ति स्थिति के विश्लेषण के बाद रिपोर्ट में निम्नानुसार निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया:

– 18वीं इपीएस के अनुसार उर्जा उपेक्षा तथा मांग अनुमानों में 2016–17 तक सभी हाउसहोल्ड को विद्युत आपूर्ति की अपेक्षाओं को लिया गया है।
– उक्त यथा परिभाषित 24x7 विद्युत आपूति की अपेक्षा केवल तभी पूर्ति होगी यदि:

➢ उत्पादन क्षमता राष्ट्रीय विद्युत योजना में दिए अनुसार वृद्धि हुई है।

टी एण्ड डी हानियां 2018.19 लगभग 17.5% की कमी आई है जैसा कि 18वीं ईपीएस में दिया गया है।

➢ उर्जा कुशलता उपाय कार्यान्वित किए गए हैं ताकि संतुलित उर्जा उपभोग तथा पीक मांग को पूरा किया जा सके।
➢ वितरण कंपनियां आपूर्ति के अपने क्षेत्र में पूर्ण मांग की पूर्ति के लिए पावर कंट्रेक्ट के लिए समर्थ है।

- उक्त को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट में निम्नलिखित घटकों जैसे देसी कोयला आपूर्ति, कोयला ब्लॉक, कोयला लिंकेज के लिए एसपीवी की सिफारिश की है ताकि थर्मल संयंत्रों से उत्पादन में वृद्धि तथा नवीकरणीय उर्जा क्षमता में वृद्धि पर विचार किया जा सके:

– वित्तीय वर्ष 2018–19 तक पूर्ण करने के लिए किए गए उत्पादन परियोजनाओं के लिए ईंधन लिंकेज सुनिश्चित करने में प्राथमिकता।

– कोयला ब्लॉक की नीलामी के लिए कोयला खनन राष्ट्रीयकरण अधिनियम का संशोधन।
– कोयला ब्लाक के लिए एसपीवी
– कोयले के परिवहन के लिए पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित करना।
– उच्च मांग की पूर्ति के लिए अन्य स्रोतों के साथ गैस विद्युत संयंत्रों की बंडलिंग।
– रिपोर्ट में सौर तथा पवन उर्जा में विशेष रूप से नवीकरणीय क्षमता पर बल को रेखांकित किया गया। उत्पादकों को भुगतान सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रिपोर्ट में वितरण कंपनियों के लिए उपयुक्त नीति/विनियामक अधिदेश की सिफारिश की गई ताकि साखपत्र/एस्क्रो खातों के फोरम में आरई उत्पादकों को भुगतान सुरक्षा प्रदान की जा सके।
– प्रचालनीकरण और पंप स्टोर क्षमता को बढ़ाना।
– उर्जा कुशलता को अपनाना।
– वास्तविक समय आधार पर नवीकरणीय उर्जा उत्पादन को व्यवस्थित करने और मॉनिटर करने के लिए नवीकरण उर्जा प्रबंध प्रणाली।
– नवीकरणीय उर्जा उत्पादन के लिए सहायक सेवाएं।

- रिपोर्ट में अपेक्षित पारेषण प्रणाली के लिए योजना हेतु निम्नलिखित की सिफारिश की गईः

– आरंभ किए गए समय की अवधारणा 40 माह
– भूमि अधिग्रहण के लिए वास्तविक क्षतिपूर्ति के लिए नीति
– मौजूदा आरओडब्ल्यू का अधिकतम उपयोग।
– मौजूदा और नई लाइनों में उच्च कार्यनिष्पादन कंडक्टरों का उपयोग।
– मौजूदा पारेषण प्रणाली की भारग्रहता सीरीज क्षतिपूर्ति, गतिशील शन्ट क्षतिपूर्ति, फैक्ट और मशीनी रूप से स्विच कैपिसेटर बैंको के माध्यम से पर्याप्त रिएक्टिव पावर क्षतिपूर्ति को जोड़ते हुए वृद्धि होनी चाहिए।
– अन्डरग्राउण्ड लाइने 220 केवी से कम के सभी पारेषण के लिए विचार होना चाहिए।
– यह सिफारिश है कि एफओरआर/एमएनआरई द्वारा तैयार हरित उर्जा कॉरिडोर पर रिपोर्ट में यथा परिभाषित पारेषण ढांचे को अंतःराज्यिक और अंतर प्रादेशिक स्तरों पर विकसित किया जाए ताकि नवीकरणीय उर्जा की अतिरिक्त क्षमताओं को शून्य किया जा सके और पारेषण दबावों को समाप्त किया जा सके।

- जहां तक वितरण का संबंध है, रिपोर्ट में 80 मिलियन से अधिक की संख्या के गैर विद्युतीकृत हाउसहोल्ड को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और एटीएण्डसी हानियों की कमी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्याप्त रूप से वितरण नेटवर्क के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया गया। वितरण क्षेत्र में सुधारों के लिए सिफारिशें निम्नानुसर हैः

– ग्रामीण क्षेत्रों के बड़े विद्युतीकरण में विधिवत रूप से फैक्टरिंग मांग का सही अनुमान, मांग पक्षीय प्रबंधन उपाय, उपभोक्ताओं को 24x7 विद्युत आपूर्ति पर किसी नीति डिजाइन के लिए मूलभूत अपेक्षा है।
– 24x7 विद्युत आपूर्ति के लिए रणनीति में उपभोक्ता स्तर तथा डीटीसी स्तरीय मीटरिंग की सारभूमिकरण को शामिल किया जाना चाहिए।
– गैर विद्युतीकृत हाउसहोल्ड के 100% विद्युततीकरण की प्राप्ति 24x7 विद्युत आपूर्ति के लिए रणनीति में उच्चतम प्राथमिकता होनी चाहिए।
– एक अलग मशीनरी उन राज्यों में गैर विद्युतकृत हाउसहोल्ड को विद्युत आपूर्ति के विस्तार के लिए कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए विशेष निधि व्यवस्था की जानी चाहिए जिसकी विद्युत आपूर्ति वाले हाउसहोल्ड के 50% से कम है।
– एक विशेष कार्यक्रम अगले पांच वर्षों 2% प्रतिवर्ष की दर पर हानियों को कम करने के लिए एटीएण्ड सी हानियों की आक्रामक कमियों के लिए आरंभ किया जाना चाहिए।
– अन्य ग्रामीण फीडरों से अलग कृषि फीडरों फीडर पृथककरण।
– स्टार श्रेणी के पंपों वाले अकुशल कृषि पंपों की प्रतिस्थापना।
– पर्याप्त संस्थानिक वित्त की उपलब्धता, राज्य सरकारों द्वारा सब्सिडी का समय से भुगतान और राज्य विनियामक आयोगों द्वारा टैरिफ पुनरीक्षण की पर्याप्तता और नियमितता न केवल वितरण कंपनियों की वित्तीय दुरूस्तता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य है बल्कि देश में समूचे विद्युत क्षेत्र के लिए भी अनिवार्य है।
– शुंग्लू पैनल की सिफारिश पर आरंभ किए गए वित्तीय पुनःसंरचना पैकेज को ओर भी उदारीकृत किया जाना चाहिए ताकि एक समय आधार पर सभी वितरण कंपनियों के तुलनपत्रों को क्लीन किया जा सके।
– वितरण कंपनियों की प्रबंध संस्कृतिइस प्रकार परिवर्तित की जानी चाहिए ताकि विद्युत की बिक्री के लिए जिम्मेदार संस्था में प्रत्येक स्तर पर इसे बनाया जा सके। इन कंपनियों को वाणि ाज्यिक कंपनियों के रूप में कार्य करने के लिए बनाया जाना चाहिए।
– विद्युत योजना कक्षों को प्रत्येक राज्य में स्थापित किया जाना चाहिए ताकि विद्युत क्षेत्र के विकास की दीर्घकालिक योजना और समन्वयन किया जा सके।

सभी उपभोक्ताओं को 24x7, विश्वसनीय, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से रिपोर्ट में लगभग रु0 15,70,397 करोड़ के अनुमानित कुल निवेश का प्राकलन है। विस्तृत विश्लेषण के बाद रिपोर्ट में प्रस्तुत किया गया है कि टैरिफ प्रभाव लेखांकन के बाद 25 पैसे से 45 पैसे की सीमा तक मार्जिनल या शून्य है कि मौजूदा स्तर से 2018.19 तक लगभग 9.5% की हानि कमी टैरिफ में लगभग 50 पैसे की कमी में परिणत होगी।

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम

फोरम का एक मुख्य उत्तरदायित्व विद्युत विनियामक आयोगों के कार्मिकों का क्षमता निर्माण है। फोरम ने वर्ष के दौरान विद्युत विनियामक आयोगों के लिए निम्नलिखित प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें 28 से 30 जनवरी, 2015 के दौरान छठें क्षमता निर्माण कार्यक्रम, आईआईटी कानपुर 18–20 फरवरी में (सिंगापुर में अंतर्राष्ट्रीय विजिट सहित), एनपीटीआई में 26–27, 2015 फरवरी के दौरान सीजीआरएफ एवं ओमबडसमन के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित का संरक्षण'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल हैं।

3. 2014–15 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां

3.1 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग

केविविआ ने विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा सौंपे गए उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए विद्युत क्षेत्र में सुधारों के लिए वर्ष के दौरान कई महत्वपूर्ण पहल की।

आयोग ने नवीकरणीय क्रय बाध्यता की आपूर्ति के लिए नवीकरणीय उर्जा संसाधनों की उपलब्धता तथा बाध्यकारी कंपनी की अपेक्षा के बीच असंतुलन का पता लगाने के लिए 2010 में नवीकरणीय उर्जा प्रमाणपत्र तंत्र विकसित किया। आरईसी तंत्र का उद्देश्य नवीरकरण ी उर्जा परियोजनाओं में अतिरिक्त निवेश को प्रोत्साहित करना तथा उनकी लागतों की वसूली के लिए आरई उत्पादकों को वैकल्पिक ढंग प्रदान करना है। आयोग ने आरईसी फ्रेमवर्क को सुदृढ़ करने का प्रयास किया और उन मुददों का पता लगाया और संदिग्धताओं को समाप्त किया जो इसके कार्यान्वयन को प्रभावित कर रही हैं और केविविआ (नवीकरणीय उर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय उर्जा प्रमाणपत्र की मान्यता और जारी करने के लिए निबंधन एवं शर्तें)(तीसरा संशोधन) विनियम, 2014 को अधिसूचित किया।

आयोग ने अनुमोदित किया कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी प्रमाणपत्रों में लेनदने और जारी करने के लिए केन्द्रीय एजेंसी के साथ रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन का पात्र होगा यदि इसने धारा 62 के अधीन अवधारित टैरिफ का पूर्व वित्तीय वर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त की है या नवीकरणीय क्राय बाध्यता की अधिकता में अधिनियम की धारा 63 के अधीन अंगीकार किया है जैसा कि उपयुक्त आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है या अन्य शर्तों की पूर्ति के अध्याधीन जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीयकारी योजना या टैरिफ नीति में जो भी अधिक हो, उसके द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है। आयोग ने यह भी विनिर्दिष्ट किया है कि इन विनियमों के अधीन जारी होने की तारीख से 1095 दिनों के लिए वैध होंगे।

केविविआ (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) विनियम 2014 को दिनांक 6.1.2014 को अधिसूचित किया गया है और मूल विनियम का शुद्धिपत्र 17.2.2014 को अधिसूचित किया गया। केविविआ (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) (प्रथम संशोध ान) विनियम 2014 को अधिसूचित करते हुए आयोग ने स्पष्ट किया कि टाईम ब्लाक के दौरान किसी क्रेता द्वारा विद्युत का अधिक आहरण/कम आहरण 150 मेगावाट या इसकी अनुसूचित निकासी के 12 प्रतिशत, जो भी कम हो, अधिक नहीं होगा। जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी ''49.70 एचजेड और अधिक तथा 50.10 एचजेड से कम'' है बशर्ते कि किसी क्रेता द्वारा विद्युत का अधिक आहरण की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी ''49.70 एचजेड से कम है' और किसी क्रेता द्वारा विद्युत की अधिक आहरण की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी ''50.10 एचजेड और अधिक'' है।

आयोग ने केविविआ (अन्तरराज्यिक पारेषण में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना और संबद्ध मामले) विनियम 2009 में चौथे संशोधन को अधिसूचित किया ताकि स्टार्ट अन्तरराज्यिक पारेषण पावर प्राप्त करने के लिए आने वाले उत्पादकों को सुविधा दी जा सके अर्थात्विचलन व्यवस्थापन तंत्र के अधीन आईएसटीएस से वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से पूर्व पूर्ण भार परीक्षण सहित आरंभ होने वाले गतिविधियों के लिए सहायक उपकरण चलाने के लिए अपेक्षित विद्युत को सरल बनाया जा सके। संबंधित प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र को भुगतान में चूक के मामले में इस प्रकार की निकासी को बंद करते हुए और स्टार्ट अन्तरराज्यिक पारेषण पावर की निकासी के लिए अनुमति प्रदान करते हुए ग्रिड सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट किया गया है या यह स्थापित किया गया है कि स्टार्ट अन्तरराज्यिक पारेषण को निर्माण कार्य के लिए प्रयुक्त किया गया है।

केविविआ (विद्युत बाजार) विनियम 2010 को 21.1.2010 को अधि ासूचित किया गया। विद्युत बाजार विनियमों के विनियम 22 में बोर्ड के गठन तथा बोर्ड में शेयरहोल्डरों के प्रतिनिधित्व सहित पावर एक्सचेंज के अधिशासन और स्वामित्व की व्यवस्था है। पावर एक्सचेंज की पारदर्शी निगमित अधिशासन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए केविविआ (विद्युत बाजार) (प्रथम संशोधन) विनियम 2014 के माध्यम से आयोग ने एक्सचेंज बोर्ड के निर्देशक के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हकताओं और अनहर्कताओं की व्यवस्था की है। संशोधन विनियमों में यह व्यवस्था है कि पावर एक्सचेंज का कोई शेयरहोल्डर किसी प्रकार के अनहर्कता से ग्रस्त होता है तो इस प्रकार के शेयरहोल्डर या उसका नामिति पावर एक्सचेंज के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से बाहर हो जाएगा।

अधिकतम रूप से प्रतिक्रिया के लिए उपायों सहित ग्रिड संबद्ध कंपनियों को उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से और बाजार के विकास के अनुपालन में आयोग ने आदेश जारी किया है जिसमें पूरे दिवस अंतःदिवस/आकस्मिक बाजार के प्रचालन को आरंभ करने के लिए पावर एक्सचेंजों को निर्देश दिए हैं जबकि आगामी दिवस आकस्मिकताओं के लिए मौजूदा उत्पादों के प्रचालन को आरंभ किया है और एक्सचेंजों द्वारा अंतःदिवस बाजारों को जारी किया है। आयोग ने इन उत्पादों के लिए समय–सीमा को भी विनिर्दिष्ट किया है ताकि व्यापार विंडो उक्त निर्णय सहित अवधियों के लिए खुली रह सकें।

नवीकरणीय उर्जा उत्पादन मध्यवर्ती अनिश्चित और परिवर्ती माना गया है। इन पहलुओं पर विचार करते हुए और ग्रिड नवीकरण ीय उर्जा उत्पादन के समेकन के लिए विशेष उपबंध ग्रिड कोड में बनाए गए हैं। तथापि इन उपबंधों के कार्यान्वयन में कई कठिनाइयां

अनुभव की गई हैं। इसलिए आयोग ने यह इनफर्म नवीकरणीय उर्जा उत्पादन (पवन और सौर जैसे) के लिए अनुसूची से विचलन के संचालन और पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण के लिए फ्रेमवर्क सृजित करने की आवश्यकता को अनुभव किया है जो इस प्रकार की उत्पादन की परिवर्ती और मध्यवर्ती किस्म में है। तदनुसार 'अन्तराज्यिक स्तर पर पवर व सौर पर आधारित नवीकरणीय उर्जा उत्पादन केन्द्रों के लिए पूर्वानुमान अनुसूचीकरण और असंतुलन संचालन' पर फ्रेमवर्क तथा इनमें अन्तर्विष्ट उपबंधों के लिए संशोधन किए गए हैं। (i) केविविआ (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियमए (ii) केविविआ (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) विनियम और (iii) केविविआ (नवीकरणीय उर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय उर्जा प्रमाणपत्र जारी करने और मान्यता के लिए निबंधन और शर्तें) विनिमय तैयार किया गया और स्टेकहोल्डरों से प्रतिक्रिया आमंत्रित करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र में रखा गया। अन्य बातों के साथ ड्राफ्ट फ्रेमवर्क में यह प्रस्ताव किया गया कि पूर्वानुमान और अनुसूचीकरण पवन एवं सौर प्रादेशिक इकाइयों के लिए किया जाना चाहिए ताकि उत्पादक और/या आरएलडीसी को पूर्वानुमान के लिए कार्यान्वित करना चाहिए। इसमें बेहतर/कमतर पूर्वानुमान और तदनुरूपी अनुसूचीकरण के लिए प्रोत्साहन/गैर प्रोत्साहन का प्रस्ताव किया गया है।

विद्युत बाजार के विकास के उपाय के रूप में ''कुल (बण्डलिंग) और गैर कुल (अनबण्डलिंग) कंट्रेक्टों के लिए विद्युत व्यापारियों को अनुमति देने तथा संव्यवहारों के लिए औसत व्यापार मार्जिन संगणित करने के लिए'' स्टाफ पेपर तैयार किया गया। स्टाफ पेपर में अनिवार्य रूप से विभिन्न कीमतों पर उत्पादकों या विभिन्न विक्रेताओं से विद्युत की क्रय के मामले में व्यापार मार्जिन की संगणना के मुददे पर विचार विमर्श किया गया और एक ही कीमत पर क्रेता या सिंगल डिस्कॉक को बेचा गया या इसे एक ही कीमत पर सिंगल उत्पादक से एक कीमत पर या विद्युत का क्रय किया गया और इसे विभिन्न कीमतों पर बहुविध क्रेताओं (डिस्कॉम, औद्योगिक उपभोक्ता इत्यादि) को विभिन्न कीमतों पर बेचा गया। पेपर में डिस्कॉम द्वारा भार प्रबंधन पर कुल और गैर कुल के प्रभाव, उत्पादन उपयोग में सुधार, निर्बाध पहुंच के उन्नयन, नवीकरणीय उर्जा की ब्लैंडिंग पर विचारविमर्श किया गया।

आयोग ने फोरम को सचिवालय सेवाएं प्रदान करने के अलावा एफओआईआर और साफिर को सचिवीय सेवाएं भी प्रदान की।

3.2 आंध्रप्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

आंध्रप्रदेश राज्य के वर्गीकरण के बाद और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 82 के साथ पठित आंध्रप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के अनुसूची 3 (ग) के 3 के उपबंधों के अनुसार आंध्रप्रदेश सरकार ने जियो मैसर्स संख्या 35 उर्जा (विद्युत 3) विभाग दिनांक 1.8.2014 के माध्यम से आंध्रप्रदेश विद्युत विनियामक आयोग गठित किया।

टैरिफ आदेश समय–समय से जारी किए गए।

निम्नलिखित विनियम 2014–15 में अधिसूचित किए गए.

- एपीईआरसी (निर्बाध पहुंच संव्यवहारों के लिए अंतरिम संतुलन और व्यवस्थापन कोड) द्वितीय संशोधन विनियम 2014
- एपीईआरसी (पुनर्गठन) विनियम 2014
- एपीईआरसी (अनुरोध पर विद्युत की आपूर्ति के लिए अनुज्ञप्तिधारी की ड्यूटी) (प्रथम संशोधन) विनियम संख्या 2014 का 5
- एपीईआरसी (अनुकूलन) विनियम 2014

3.3 बिहार विद्युत विनियामक आयोग

आयोग ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित आदेश जारी किए:

- वित्तीय वर्ष 2014–15 में आरंभ किए जाने वाले बगासे आधारित सह उत्पादन संयंत्रों एवं बायोमास आधारित विद्युत संयंत्रों के लिए टैरिफ अवधारण हेतु बेंचमार्क।
- बीईआरसी (कारोबार का संचालन) विनियम 2005 में प्रथम संशोधन के लिए स्वप्रेरणा कार्यवाही।

निम्नलिखित विनियम वित्तीय 2014–15 के दौरान आयोग द्वारा आधिसूचित किए गए:

- कारोबार विनियम 2014 के संचालन का प्रथम संशोधन
- मांग पक्ष प्रबंधन विनियम 2014
- उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम और विद्युत ओमबडसमैन 2014 का चौथा संशोधन
- वित्तीय शक्ति विनियम 2014 का प्रत्योजन
- वित्तीय विद्युत विनियम 2015 के प्रत्योजन का प्रथम संशोधन
- बीईआरसी (अधिकारियों व कर्मचारियों की सेवा की भर्ती एवं निबंधन व शर्तें) (प्रथम संशोधन) विनियम 2015
- बीईआरसी (सौर उर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन व शर्तें) तीसरा संशोधन, विनियम 2014

3.4 छत्तीसगढ़ विद्युत विनियामक आयोग

निम्नलिखित आदेश वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान जारी किए गए:

- वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए सीएसपीडीसीएल का टैरिफ आदेश और सीएसपीजीसीएल, सीएसपीटीसीएल, एसएलडीसी और सीएसपीडीसीएल के पूर्व वर्षों के लिए अंतिम ट्रूअप
- वित्तीय वर्ष 2013–14 से वित्तीय वर्ष 2015–16 तक और वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए रिटेल टैरिफ के लिए बीएसपी(टीडी) के एआरआर का अवधारण

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग द्वारा कोई विनियम अधिसूचित नहीं किया गया।

3.5 दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान डीईआरसी की उपलब्धियां नीचे दी गई हैं:

- डीईआरसी (मांग पक्ष प्रबंधन) विनियम 2015 अधिसूचित किया गया
- डीईआरसी आपूर्ति कोड एवं कार्यनिष्पादन मानक (संशोधन) विनियम 2015 अधिसूचित किया गया

3.6 गुजरात विद्युत विनियामक आयोग

आयोग ने वित्तीय वर्ष 2015–15 में निम्नलिखित मील के पत्थर प्राप्त किए:

- **गुजरात विद्युत विनियामक आयोग (अंतःराज्यिक निर्बाध पहुंच के निबंधन व शर्तें) (दूसरा संशोधन) विनियम 2014:** आयोग ने 2014 की अधिसूचना संख्या 3 के माध्यम से गुजरात विद्युत विनियामक आयोग (अन्तःराज्यिक निर्बाध पहुंच की निबंधन व शर्तें) विनियम 2011 में दूसरा संशोधन किया। आयोग ने क्षमता आधारित (रुपये/मेगावाट/दिन) से वास्तविक रूप से अनूसूचित आधार पर उर्जा में (रुपये/मेगावाट घण्टे) में अंतःराज्यिक पारेषण नेटवर्क के उपयोग के लिए अल्पकालिक निर्बाध पहुंच उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिदेय पारेषण प्रभारों के संबंध में आयोग ने विनियम 21(2) को संशोधित किया। यह संशोधन राजपत्र में प्रकाषन की तारीख से अर्थात् 14.8.2014 से प्रभावी हुआ।

3.7 जम्मू एण्ड कश्मीर विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग द्वारा जारी किए गए महत्वपूर्ण आदेश नीचे दिए गए हैं:

- विद्युत विकास विभाग के लिएवित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए एआरआर/रिटेल टैरिफ के अवधारण एवं 2013–14 के लिए एपीआर पर आदेश
- विद्युत विकास विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए पारेषण टैरिफ के अवधारण एवं 2013–14 के लिए एपीआर पर
- वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए नवीकरणीय उर्जा स्रोतों के लिए जैनरिक स्तरीकृत उत्पादन टैरिफ पर आदेश
- वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए और विद्युत विकास विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए पारेषण टैरिफ के लिए वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा पर आदेश
- वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए नवीकरणीय उर्जा स्रोतों के लिए जैनरिक स्तरीकृत उत्पादन टैरिफ के अवधारण पर आदेश। जम्मू एण्ड कश्मीर विद्युत विकास निगम (उत्पादन कंपनी) के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए उत्पादन टैरिफ और एएफसी के अवधारण पर आदेश

आयोग ने सीजीआरएफ की स्थापना के लिए अपनी असफलता को ध्यान में रखते हुए जेएण्डके पावर विकास विभाग (कंपनी) के विरुद्ध स्वप्रेरणा कार्यवाहियां आरंभ की। इसके अलावा ''मनोविज्ञान के साम्राज्यवादी अध्ययन और जेएण्डके राजय में विद्युत उपभोक्ताओं के माइंडसेट तथा जम्मू एवं कश्मीर के कार्यनिष्पादन चुनौतियों एवं अवसरों में विद्युत हानियों के सामाजिक प्रभाव'' पर अध्ययन पूरा किया गया और अंतिम रिपोट कंपनी एवं अन्य स्टेकहोल्डरों के साथ शेयर की गई।

3.8 झारखंड विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण आदेश नीचे दिए गए हैं:

- वित्तीय वर्ष 2011–12 और वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए ट्रूअप हेतु याचिका पर आदेश और जेबीवीएनएल के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए टैरिफ प्रस्ताव और एआआर
- वित्तीय वर्ष 2011–12 और वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए ट्रूअप हेतु याचिका पर आदेश और जेयूएसएनएल के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए टैरिफ प्रस्ताव और एआआर
- झारखंड राज्य में क्रास सब्सिडी अधिभार की शुरूआत के अनुमोदन के लिए आवेदन
- विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के प्रयोजन के लिए याचिकाकर्ता से वसूल किए गए पर्यवेक्षण/सर्वेक्षण प्रभारों की वापसी के लिए अनुज्ञप्तिधारी को निर्देश के लिए आवेदन का आदेश लेकिन आवेदन करने की तारीख से 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति नहीं की गई
- टाटा स्टील लि0 वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा जमशेदपुर के अनुज्ञप्त क्षेत्र के लिए ईंधन कीमत एवं विद्युत क्रय के समायोजन को दाखिल करना
- वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए जूसको वितरण अनुज्ञप्तिधारी के लिए ट्रूअप याचिका
- वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए टाटा स्टील जमशेदपुर वितरण अनुज्ञप्तिधारी के लिए ट्रूअप याचिका
- जमशेदपुर के अनुज्ञप्त क्षेत्र के लिए एफपीपीपीए
- मीटर में रिर्कार्ड किए गए वास्तविक पारेषण से अधिक 4 प्रतिशत पारेषण हानि की कटौती न करने के लिए डीवीसी को निर्देश देने के लिए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86 (एफ) के अधीन आवेदन

3.9 संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा और संघशासित प्रदेश)

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण आदेश नीचे दिए गए हैं:

- याचिकाकर्ता के टैरिफ और प्रयोजना की पूर्ण/वास्तविक पूंजी लागत के अनुमोदन के लिए याचिका–विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62(1) (क) और 63 के साथ पठित गोवा एवं संघशासित प्रदेश (टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन एवं शर्तें) विनियम 2009 के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग के विनियम 3(2)(क), 3(4), 12 और 36 के अधीन विद्युत उत्पादन कंपनी
- मैसर्स कुडनकुलम न्यूक्लिअर पावर परियोजना, एनपीसीआईएल के साथ विद्युत विभाग पांडेचेरी सरकार द्वारा प्रविष्ट किए जाने वाले विद्युत क्रय करार के अनुमोदन के लिए जेईआरसी (कारोबार का संचालन) विनियम 2009 के विनियम 7(ग) के अधीन याचिका .
- निर्बाध पहुंच के अधीन विद्युत प्राप्त करने वाले निर्बाध पहुंच उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिदेय अतिरिक्त प्रभार के अवधारण के लिए गोवा एवं संघशासित प्रदेशों के लिए (पारेषण एवं वितरण में निर्बाध पहुंच) विनियम 2009 के लिए जेईआरसी के अधीन याचिका
- याचिका संख्या 142/2014 : निर्बाध पहुंच के अधीन विद्युत प्राप्त करने वाले निर्बाध पहुंच उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिदेय अतिरिक्त प्रभार के अवधारण के लिए गोवा एवं संघशासित प्रदेशों के लिए (पारेषण एवं वितरण में निर्बाध पहुंच) विनियम 2009 के लिए जेईआरसी के अधीन याचिका
- याचिका संख्या 61/2012 : नवीकरणीय क्रय बाध्यता के संबंध में गोवा राज्य और संघशासित प्रदेशो के लिए (नवीकरणीय उर्जा की प्राप्ति) विनियम 2010 के लिए जेईआरसी का अनुपालन
- याचिका संख्या 145/2014 : 2014–15 अवधि के लिए कराईकल में टैरिफ पांडेचेरी कार्पोशन लि0 गैस पावर स्टेशन (32.5 मेगावाट) के अनुमोदन के लिए गोवा एवं संघशासित राज्यों के लिए (टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन एवं शर्तें) विनियम 2009 के लिए जेईआरसी के अध्याय 2 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 व 83 (4) के अधीन याचिका
- याचिका संख्या 96/2013 : वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए एआआर तथा टैरिफ अवधारण एवं वित्तीय वर्ष 2009.10 व वित्तीय वर्ष 2010.11 के लिए ट्रू अपए वित्तीय वर्ष 2011.12 के लिए ट्रूअपवित्तीय वर्ष 2012.13 के लिए समीक्षा। पांडेचेरी सरकार, विद्युत विभाग पांडेचेरी के लिए याचिका 96/2013

आयोग ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए:

- जेईआरसी (बहुवर्ष वितरण टैरिफ) विनियम 2014
- जेईआरसी (मांग पक्ष प्रबंधन) विनियम 2014
- (कारोबार का संचालन) तीसरा संशोधन विनियम 2014
- (कारोबार का संचालन) चौथा संशोधन विनियम 2015
- (ओमबडसमेन की नियुक्ति एवं कार्यप्रणाली) द्वितीय संशोधन विनियम 2015
- (राज्य परामर्षदात्री समिति) प्रथम संशोधन विनियम 2015
- (परामर्शदाताओं की नियुक्ति) प्रथम संशोधन विनियम 2015
- (नवीकरणीय उर्जा की प्राप्ति) प्रथम संशोधन विनियम 2014
- (उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए फोरम की स्थापना) द्वितीय संशोधन विनियम 2015

3.10 संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मणिपुर और मिजोरम)

- टैरिफ आदेश पावर एवं विद्युत विभाग मणिपुर एवं मिजोरम राज्य विद्युत कंपनी लि0 के विभाग एवं मणिपुर राज्य विद्युत वितरण कंपनी लि0 के लिए जारी किए गए
- व्यापक उपभोक्ता जागरूकता मिजोरम के विभिन्न स्थानों में आयोजित किया गया
- राज्य परामर्श समिति और समन्वय फोरम बैठके स्टेकहोल्डरों के साथ की गई

3.11 कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए :

- वित्तीय वर्ष 2013 के लिए केपीटीसीएल के वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा और वित्तीय 2015 के लिए पारेषण टैरिफ के पुनरीक्षण पर आदेश
- वित्तीय वर्ष 2013 के लिए बेसकाम की वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा और वित्तीय 2015 के लिए संशोधित एआरआर तथा रिटेल आपूर्ति टैरिफ पर आदेश
- वित्तीय वर्ष 2013 के लिए सीईएससी की वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा और वित्तीय 2015 के लिए संशोधित एआरआर तथा रिटेल आपूर्ति टैरिफ पर आदेश
- वित्तीय वर्ष 2013 के लिए वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा का अनुमोदन, हूकेरी रेक्स के वित्तीय वर्ष 2015 के लिए एआरआर व टैरिफ का पुनरीक्षण

- वित्तीय वर्ष 2014 के लिए केपीटीसीएल के वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा पर आदेश और वित्तीय वर्ष 2016 के लिए पारेषण टैरिफ का पुनरीक्षण
- वित्तीय वर्ष 2014 के लिए डिस्कॉम (एस्काम व बेस्काम) वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा पर आदेश और वित्तीय वर्ष 2016 के लिए संशोधित एआरआर व रिटेल आपूर्ति टैरिफ 6
- वित्तीय वर्ष 2014 के लिए सीईएससी की वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा और वित्तीय 2016 के लिए संशोधित एआरआर तथा रिटेल आपूर्ति टैरिफ पर आदेश
- पवन उर्जा परियोजनाओं के लिए टैरिफ का अवधारण

3.12 केरल विद्युत विनियामक आयोग

आयोग ने निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए :

- केरल राज्य ओमबडसमेन (सेवाओं की निबंधन एवं शर्तें) संशोधन विनियम 2014
- केएसईआरसी (कारोबार का संचालन) संशोधन विनियम 2014
- केरल विद्युत आपूर्ति कोड (कठिनाइयों को दूर करना) आदेश 2014, दूसरा आदेश 2014, तीसरा आदेश 2014, चौथा आदेश 2014
- केएसईआरसी (कारोबार का संचालन) द्वितीय संशोधन विनियम 2014
- केएसईआरसी (टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन शर्तें) विनियम 2014
- केएसईआरसी (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम और विद्युत ओमबडसमेन) संशोधन विनियम 2014
- केएसईआरसी (कारोबार का संचालन) तीसरा संशोधन विनियम 2014
- केएसईआरसी (ग्रिड इंटरेक्टिव वितरित सौर उर्जा प्रणाली) विनियम 2014

आयोग ने वर्ष 2006 में वितरण के लिए कार्यनिष्पादन विनियम के मानक जारी किए जिन्हें बाद में 2009 में संशोधित किया गया जिसमें विनियम के गैर अनुपालन के लिए क्षतिपूर्ति को निर्धारित किया गया।

उक्त गतिविधियों के अलावा सामान्य किस्म की शिकायतें उपभोक्ताओं से प्राप्त की गई और उन्हें अनुज्ञप्तिधारियों के संबंधित कर्मियों के साथ उठाया गया और निपटाया गया।

याचिकाओं का निपटान

1.4.14 को अनिर्णित याचिकाओं की संख्या	30
2014.15 के दौरान प्राप्त याचिकाओं की संख्या	40
2014.15 के दौरान निपटाई गई याचिकाओं की संख्या	41
31.3.2015 को अनिर्णित याचिकाओं की संख्या	29

3.13 मध्यप्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2014.15 एके दौरान आयोग ने 7 टैरिफ आदेश जारी किए। आयोग ने निम्नलिखित विनियमों को भी अधिसूचित किया :

- आयोग एतद्द्वारा मध्यप्रदेश शासकीय राजपत्र (03 अक्टूबर, 2014) में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से राज्य परामर्शदाता समिति को स्थापित किया।
- एमपीईआरसी (उर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत का सहउत्पादन और उत्पादन) (पुनरीक्षण.I) विनियम 2010 का तीसरा संशोधन

3.14 महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2014–15 एके दौरान आयोग ने 5 विनियमों को अधिसूचित किया :

- एमईआरसी (वितरण अनुज्ञप्तिधारियोंके कार्यनिष्पादन के मानक क्षतिपूति के अवधारण और आपूर्ति के लिए अवधि) विनियम 2014
- एमईआरसी (पारेषण निर्बाध पहुंच) विनियम 2014
- एमईआरसी (वितरण निर्बाध पहुंच) विनियम 2014
- एमईआरसी (प्लाट नं 28 राजीव गांधी इंफोटेक पार्क, पेज 2, हिंजेवाडी, पुणे में आईटी एण्ड आईटीईएस सेज के लिए मैसर्स क्वाडरन बिजनेस पार्क लि0 के लिए लागू वितरण अनुज्ञप्तिधारी की विनिर्दिष्ट शर्तें) विनियम 2014
- एमईआरसी (पनवेल महाराष्ट्र में सेवा क्षेत्र के लिए सेज के लिए मैसर्स आईएक्सओरा कंसट्रक्शन प्रा0 लि0 के लिए लागू वितरण अनुज्ञप्तिधारी की विनिर्दिष्ट शर्तें) 10 अप्रैल, 2014 को विनियम 2014

आयोग ने निम्नलिखित के लिए टैरिफ के अवधारण और एआरआर पर आदेश जारी किए :

- वित्तीय वर्ष 2012.13के लिए अंतिम ट्रूअप के अनुमोदन के लिए एमएसपीजीसीएल याचिका
- बुटीबोरी जिला नागपुर में उत्पादन केन्द्र के लिए वित्तीय वर्ष 2014–15 और 15–16 के लिए अंतिम टैरिफ और पूंजी लागत के अवधारण के लिए वीआईपीएल याचिका
- वित्तीय वर्ष 2012–13 से 2015–16 की अवधि के लिए दूसरी नियंत्रण अवधि के लिए मध्यकालिक कार्यनिष्पादन समीक्षा के अनुमोदन के लिए अदानी पावर महाराष्ट्र लि0 पारेषण कारोबार द्वारा दाखिल याचिका

3.15 नागालैंण्ड विद्युत विनियामक आयोग

आयोग ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए टैरिफ आदेश जारी किए

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग ने निम्नलिखित विनियम

अधिसूचित किए :

- एनईआरसी (सिटिजन चार्टर) विनियम 2012 दिनांक 27 जुलाई 2014 को एसेम्बली के फ्लोर पर प्रस्तुत किया गया
- एनईआरसी (विद्युत आपूर्ति कोड) विनियम, 2012
- एनईआरसी (सरचार्ज और क्रास सब्सिडी की कमी के लिए रोडमैप) विनियम 2012
- एनईआरसी (नोटिस के प्रकाशन और सेवा का ढंग) विनियम 2012

3.16 उड़ीसा विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग की महत्वपूर्ण उपलब्धियां नीचे दी गई हैं :

- राज्य उत्पादक, एसटीयू, बल्क सप्लायर और सभी डिस्कॉम के एआरआर और टैरिफ प्रत्येक वर्ष अवधारित किए जा रहे हैं। कंपनियों ने प्रत्येक वर्ष 30 नवंबर तक अपने एआरआर आवेदन दाखिल किए हैं और सार्वजनिक सुनवाइयों का पालन करते हुए आयोग ने आवेदन के 120 दिनों के अंदर टैरिफ आदेश और एआआर जारी करता है जो आगामी वर्ष के लिए लागू होगा।
- नवीकरणीय क्रय बाध्यता, उर्जा संरक्षण और मांग पक्ष प्रबंधन के कार्यान्वयन के लिए आदेश जारी करनानवीकरणीय क्रय बाध्यता–
- रूफटॉप सौर पीवी परियोजनाओं और संयोजकता के लिए नेटमीटरिंग/बाई मार्गदर्शिय मीटरिंग पर आदेश जारी करना
- वाणिज्यिक प्रभाव सहित वास्तविक समय मोड में ग्रिडको और डिस्काम को शामिल करते हुए अंतःराज्यिक एबीटी (फेज.I) का कार्यान्वयन
- हानि कमी और गुणवत्ता विद्युत आपूर्ति के लिए कैपेक्स कार्यक्रम के माध्यम से वितरण क्षेत्र में निधि को शामिल करना
- प्रत्येक वर्ष में सभी डिस्काम की एआरआर की ट्रूइंगअप ओर ट्रूइंगअप का प्रभाव का अगले वर्ष का एआरआर में पता लगाया जा रहा है
- बूट मॉडल के अधीन डिस्काम में स्मार्ट ग्रिड सोल्यूशन (एएमआरएण्डएएमआई) का कार्यान्वयन
- उच्च एटीएण्डसी हानि क्षेत्र में इनपुट आधारित फ्रेंचिज का प्रचालन
- डिस्काम की कुल कार्यनिष्पादन रिपोर्ट और उत्पादित वार्षिक का प्रकाशन
- पारेषण अनुज्ञप्तिधारी (ओपीटीसीएल) का वार्षिक प्रणाली कार्यनिष्पादन का प्रकाशन
- वितरण प्रणाली की मौजूदा स्थिति के निर्धारण के लिए एसएसी के तीन सदस्यीय के कार्यनिष्पादन के मानक और विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के लिए ''मॉनिटरिंग समिति' का गठन और सुधार के लिए सिफारिश
- कैपेक्स में प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए एसएसी सदस्यों का शामिल होना और बड़े उपभोक्ता संबद्ध मामलों का समाधान
- ओईआरसी (उत्पादन टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम 2014 की अधिसूचना
- ओईआरसी (पारेषण टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम 2014 की अधिसूचना
- ओईआरसी (विहिलिंग टैरिफ और रिटेल आपूर्ति टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम 2014 की अधिसूचना

3.17 पंजाब विद्युत विनियामक आयोग

आयोग की कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित शीर्षों के अधीन दी गई हैं:

1. टैरिफ आदेश जारी करना: वित्तीय वर्ष 2014–15 टैरिफ ओदश पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल 22 अगस्त, 2014 को जारी किया गया
2. नवीकरणीय उर्जा से उत्पादन का उन्नयनः जैसा कि विद्युत अधिनियम, 2003 (अधिनियम) की धारा 86 (1)(ड.) में दिए अनुसार उर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से सहउत्पादन और उत्पादन को विकसित करने के उद्देश्य से आयोग ने अपने विनियमों के अनुसार यचिका संख्या 2014 का 42 (स्पप्रेरणा) में 5.9.2014 के अपने आदेश में वित्तीय वर्ष 2014–15 में आरंभ की जाने वाली नवीकरणीय उर्जा विद्युत परियोजनाओं के लिए जैनरिक स्तरीकृत उत्पादन टैरिफ अवधारित किया
3. उपभोक्ता क्षमता निर्माण पहलः उपभोक्ता शिकायतों के निवारण के लिए विवाद व्यवस्थापन समितियां अंचल, मण्डल और प्रभागीय स्तर पर 2006 से कार्य कर रही हैं। वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा स्थापित उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पटियाला में मुख्यालाय सहित 2006 से कार्य कर रहा है। ओमडसमेन विद्युत, पंजाब, मोहाली 2006 से कार्य कर रहा है। आयोग इन निवारक कार्य की मॉनिटरिंग कर रहा है।
